गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019

04.11.2019

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051 | 2. लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल की जमशेदपुर शहर गैस वितरण परियोजना का उद्घाटन - प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा की स्पर पाइपलाइन पुरुलिया-जमशेदपुर के 125 कि.मी.पर कार्य प्रारंभ"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

अनिल कु.

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**प्रति :**

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

## गेल की जमशेदपुर शहर गैस वितरण परियोजना का उद्घाटन

## प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा की स्पर पाइपलाइन पुरुलिया-जमशेदपुर के 125 कि.मी.पर कार्य प्रारंभ

**जमशेदपुर, नवम्बर 1, 2019:** झारखण्ड में *प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा* के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण कीर्तिमान बनाते हुए, झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री श्री रघुवर दास, माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य, श्री अर्जुन मुंडा तथा माननीय केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रालय श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने जमशेदपुर में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान, पुरुलिया से जमशेदपुर तक की 125 किमी लम्बी पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी प्रारंभ हो गया। इससे पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंगभूम और सरायकेला-खरसावाँ के भौगोलिक क्षेत्रों के सीजीडी नेटवर्क को लाभ मिलेगा। सस्ते और ईंधन की निरंतर उपलब्धता से ऑटोमोबाइल उद्योग के साथ विभिन्न रोलिंग-स्टील, तार और पाइप लाभान्वित होंगे।

इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो कि *प्रधान मंत्री उर्जा गंगा* नामक प्रसिद्ध प्रतिष्ठित जगदीशपुर-हल्दिया बोकारो-धामरा और बरौनी-गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) तथा रांची और जमशेदपुर में शहर गैस वितरण का निर्माण कर रही है।

प्राकृतिक गैस ग्राहकों, समाज और राष्ट्र के लिए एक प्रसन्नतावर्धक ईंधन है क्योंकि उपलब्धता के साथ-साथ इसकी अनुकूल, स्वच्छ और विकासपरक प्रकृति भी है। यह अधिक कार्यक्षेम और हरित जीवाश्मीय ईंधनों में से एक है और अन्य जीवाश्मीय ईंधनों पर निर्भरता को कम करता है।

प्रारंभ में प्राकृतिक गैस पटना, बिहार से सड़क मार्ग द्वारा "कैसकेड" के माध्यम से जमशेदपुर पँहुचेगी। इसके पश्चात्, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति जेएचबेडीपीएल से पुरुलिया-जमशेदपुर (स्पर-लाइन) के माध्यम से की जाएगी।

जमशेदपुर शहर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना का कुल क्षेत्रफल लगभग 3562 वर्ग कि.मी. है। सीजीडी परियोजना के अंतर्गत 1 लाख से अधिक घर इससे लाभांवित होंगे। कुल मिलाकर 125 वाणिज्यिक कनेक्शन, 85 औद्योगिक कनेक्शन और बहुतायत में सीएनजी वाहनों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे जमशेदपुर और निकटवर्ती क्षेत्र में गैस आधारित उद्योगों को स्थापित करने की संभावनाओं को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा झारखण्ड राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा।

सीएनजी आपूर्ति का प्रारंभ ***प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा*** के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गैस आधारित अर्थव्यवस्था को विकसित करने और पूर्वी भारत को देश के प्राकृतिक गैस ग्रिड से जोड़ने के सपने को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि पाँच राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल होकर गुज़रेगी। इस परियोजना की 551 कि.मी. की पाइपलाइन झारखंड में बिछाई जाएगी। इस पाइपलाइन से पूर्वी भारत का औद्योगिक विकास होगा।

आगामी वर्षों में, गेल द्वारा 1.25 लाख से अधिक वाहनों में सीएनजी आपूर्ति और 2.43 लाख घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति के लिए झारखंड (रांची और जमशेदपुर) में 22 सीएनजी स्टेशन कमीशन किए जाएंगे।

रांची और जमशेदपुर में सीजीडी परियोजनाओं को ***प्रधान मंत्री उर्जा गंगा*** पाइपलाइन के साथ-साथ तैयार किया जा रहा है। झारखंड में, रु.4,366 करोड़ के अनुमानित निवेश से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का निर्माण किया जाएगा तथा इसकी लंबाई लगभग 551 किलोमीटर होगी जिसमें 12 जिले अर्थात् चतरा, गिरिडीह, हज़ारीबाग, बोकारो, रामगढ़, धनबाद, सरायकेला, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं।

रांची और जमशेदपुर सीजीडी परियोजनाओं के लिए कुल पूंजी व्यय रु.1,500 करोड़ होगा जिसमें से रु.450 करोड़ अगले तीन से पांच वर्षों में व्यय किए जाएंगे। इन रु.450 करोड़ में से लगभग रु.221 करोड़ जमशेदपुर के लिए होंगे।

जेएचबीडीपीएल पूर्वी भारत में उद्योगों को बढ़ावा देगी और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), बरौनी (बिहार), सिंदरी (झारखंड) और तलचर (ओडिशा) में उर्वरक संयंत्रों के पुनरोद्धार के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी। इसके अतिरिक्त मेटिक्स फर्टिलाइज़र्स, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जाएगी। इन उर्वरक संयंत्रों के पुनरोद्धार के परिणामस्वरूप 75 लाख टन की अतिरिक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता पैदा होगी, जिससे भारत वार्षिक घरेलू मांग को पूरा करने में आत्मनिर्भर हो जाएगा।